# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

मंगलवार

13 फरवरी 2024




बालू घाट के मैनेजर को बेकाबू ट्रक ने रौंदा, मौत 2



## फ्लोर टेस्ट में राजद के साथ हो गया खेला, विधायक चेतन आनंद, नीलम सिंह और प्रह्लाद यादव नीतीश के साथ हुए

# अग्निपरीक्षा में नीतीश सरकार पास

- फ्लोर टेस्ट में नीतीश कुमार सरकार के पास 128 विधायक थे, जब बहुमत परीक्षण हुआ तो इनकी संख्या 129 हो गई
- फ्लोर टेस्ट की वोटिंग से पहले विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया, सत्ता पक्ष की मांग पर करवाई गई वोटिंग

**केटी न्यूज/पटना**

14 दिनों से जिस 'खेला' की चर्चा पूरे देश में थी, वह वास्तव में उलटा पड़ गया। बिहार विधानसभा में सोमवार को फ्लोर टेस्ट में बिहार की नीतीश कुमार सरकार के पास 128 विधायक थे और जब बहुमत परीक्षण हुआ तो इनकी संख्या 129 हो गई। विपक्ष पहले ही स्पीकर अविश्वास प्रस्ताव में हार गया था। इससे बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार कायम रह गई। इससे पहले फ्लोर टेस्ट की वोटिंग से पहले विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया, लेकिन सत्ता पक्ष की मांग पर वोटिंग करवाई गई। वहीं इसके बाद राष्ट्रीय जनता दल कोटे से विधानसभा अध्यक्ष रहे अवध बिहारी चौधरी की कुर्सी छूटने के बाद उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के नाम पर शक्ति परीक्षण कराया गया। इसमें नीतीश कुमार सरकार की तरफ से 125 विधायक रहे, जबकि विपक्ष में 112 एमएलए ही जुटे। राजद के तीन विधायक चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव ने नीतीश कुमार के पक्ष में वोट डाला।

बहुमत परीक्षण के नाम पर राजद को सीधे-सीधे तीन विधायकों का नुकसान उठाना पड़ा। कुर्सी छोड़ने के लिए अवध बिहारी चौधरी ने कहा राजनीति तो आंकड़ों का खेल है। मैंने निष्ठा से अपना कर्तव्य निभाया। लोकतंत्र में मेरी आस्था है। यह कहते हुए उन्होंने कुर्सी छोड़ दी। बिहार विधानसभा में फ्लोर टेस्ट पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हमने सदन में विश्वास मत का प्रस्ताव रखा, जिसपर विभिन्न नेताओं ने अपनी राय रखी है। सीएम ने जैसे ही बोलना शुरू किया विपक्षी दल हंगामा करने लगे। इस पर नीतीश कुमार ने कहा कि अगर नहीं सुनना चाहते हैं तो सीधे वोटिंग करा दिया जाए। हम सबकी बात सुने हैं। हमको 2005 से काम करने का मौका मिला। उससे पहले इनके पिताजी और माताजी को सरकार चलाने का मौका मिला। याद कीजिए कहीं कोई रोड था क्या, कोई शाम के बाद घर से निकल पाता था क्या। ये मुस्लिम की बात करते हैं, आए दिन हिंदू-मुस्लिम का विवाद होता था। हमने हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा बंद कराया। जो 15 साल में मुस्लिमों को न्याय नहीं मिला, हमने आने के बाद कार्रवाई की। कितना विकास हुआ है।

नीतीश कुमार ने आरजेडी के साथ ही साथ कांग्रेस को भी निशाने पर लिया। नीतीश कुमार ने बिना नाम लिए राहुल गांधी की ओर भी इशारा किया और यह बताया कि वह पुरानी जगह क्यों लौट आए। विधानसभा में बोलते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि हम इतने दिन तक मेहनत किए उसका कुछ हुआ। सबको एकजुट करने की कोशिश, मेहनत किए उसका कुछ हुआ। नीतीश कुमार ने कहा कि अंत में हमको पता चला कि इनकी पार्टी भी कांग्रेस भी इधर से उधर कर रही है। उनको डर लग रहा था और उधर साथ थे। उन्होंने कहा कि तब हमको पता चल गया कि कुछ होने वाला नहीं है। इसके बाद हम पुरानी जगह आ गए हैं और सब दिन के लिए आ गए हैं।



### स्पीकर के हटते ही सत्तापक्ष के 4 विधायक पहुंचे विधानसभा

राजद ने नीतीश सरकार को गिराने के लिए सत्तापक्ष के आठ विधायकों के साथ प्लानिंग रची थी। इनमें जेडीयू के पांच विधायक और बीजेपी के तीन विधायक थे। जेडीयू के पांच विधायकों में बीमा भारती, मनोज यादव, सुदर्शन, डॉ संजीव और दिलीप राय शामिल थे। वहीं, बीजेपी के विधायकों में रश्मि वर्मा, भागीरथी देवी और मिश्रीलाल यादव थे। लेकिन रविवार रात को एनडीए भांप गया था कि उनके साथ 'खेला' होने वाला है. इस वजह से एनडीए ने सरकार बचाने का ऑपरेशन शुरू हुआ। जेडीयू के विधायकों डॉ संजीव, सुदर्शन और मनोज यादव को सुबह तक ढूंढ निकाला गया। आरजेडी की तैयारी थी कि सत्तापक्ष के विधायकों को सदन में अनुपस्थित कर पहले अपने स्पीकर अवध बिहारी चौधरी की कुर्सी बचाई जाए। इसके बाद स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सदन में गिरने के बाद सत्तापक्ष के विधायकों को स्पीकर से अलग गुट की मान्यता दिलवाई जाए। इसके बाद फ्लोर टेस्ट में एनडीए सरकार को पटखनी दी जाए। विधानसभा स्पीकर अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ जब सदन में अविश्वास प्रस्ताव आया तो सत्तापक्ष के पांच विधायक कम थे। इस पर एनडीए ने आरजेडी के तीन विधायकों को अपने पाले में कर लिया और वोटिंग में 112 के मुकाबले 125 वोट से अवध बिहारी चौधरी की कुर्सी चली गई। स्पीकर की कुर्सी जाते ही आरजेडी का खेल बिगड़ गया। खेल बिगड़ते ही सदन से नदारद सत्तापक्ष के 5 में 4 विधायक विधानसभा पहुंच गए। इनमें बीजेपी के तीन विधायक रश्मि वर्मा, भागीरथी देवी और मिश्रीलाल यादव और जेडीयू की बीमा भारती भी सदन पहुंची। केवल जेडीयू के विधायक दिलीप राय सदन से नदारद रहे।

### भाजपा और जदयू कार्यालय में जमकर मना जश्न

बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार को स्पष्ट तौर पर बहुमत मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी और जदयू कार्यालय में जमकर जश्न मना। कार्यकताओं ने अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी और ढोल-नगाड़े बजाकर जीत का जश्न मनाया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष को राज्यसभा की उम्मीदवारी मिलने के कारण भी खुशी थी, लेकिन बहुमत हासिल करने में खेला की आशंका के कारण यह सब रुका हुआ था। महिला नेत्रियों ने कहा कि 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में जनादेश के तहत भाजपा ने सीएम नीतीश कुमार के साथ सरकार बनाई थी। उसी सरकार की वापसी हुई है।

### तेजस्वी बोले... हमने आपको समर्थन देकर सीएम बनाया, आपने फिर धोखा दिया

विधानसभा में सीएम नीतीश कुमार ने सदन में विश्वास मत प्रस्ताव पेश किया। इसके बाद तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार से कहा कि मैं 9वीं बार सीएम पद की शपथ लेने के लिए आपको बधाई देता हूं। आप ही न आए थे। कहा था कि मेरा मन नहीं लग रहा है। मेरी पार्टी को तोड़ा जा रहा है। इसके बाद हमने आपको समर्थन दिया और सीएम बनाया। लेकिन, आपने फिर से धोखा दिया। इसके बाद 17 महीने हमारी सरकार रही। हमने 17 माह में जो कर दिखाया, जितनी नौकरी दी वह पूरे देश में रिकॉर्ड बन गया। तेजस्वी यादव ने पूछा कि ऐ भाजपा वालों आप यह बताओ कि क्या मोदी जी गारंटी लेंगे कि नीतीश कुमार फिर से नहीं पलटेंगे? तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि सम्राट जी और विजय सिन्हा जी हम आपलोगों से पूछते हैं कि जो काम करेगा वह अपना क्रेडिट नहीं लेगा क्या। हमने इतनी नौकरियां दी तो क्रेडिट क्यों न लें? लेकिन, नीतीश कुमार कहते हैं कि क्रेडिट मत लीजिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि जब तक कोई सरकार में स्थिरता नहीं होगी तब तक किसी राज्य का विकास नहीं होगा। मुझे तो चिंता होती है कि नीतीश जी के विधायक क्या मुंह लेकर अपने क्षेत्र में जायेंगे। क्या कहेंगे कि हमने नौकरी दी। किस मुंह से यह बात बोलेंगे। अफसरशाही इतना हावी है यह हम नहीं यह तो भाजपा वाले ही बोलते थे। भाजपा इतना डरी हुई थी महागठबंधन सरकार में। पूरे देश में भाजपा इतना कहीं डरी हुई नहीं थी जितना आपके और हमारी सरकार में थी।

तेजस्वी यादव ने जदयू खेमे में गए तीन विधायकों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रह्लाद जी आप इतने साल राजद के साथ रहे मैं आपका धन्यवाद देता हूं। चेतन आनंद मेने छोटे भाई समान हैं। जब कोई दल इन्हें टिकट नहीं दे रहा तब राजद ने इन्हें टिकट दिया और विधायक चुने गए। हमने इन्हें इनके पिता में गुण पर नहीं बल्कि इनके गुण के आधार पर साथ लाया था। नीलम जी आप महिला हैं हम आपका सम्मान करते हैं। जो भी बातें हुई हैं, अगर नहीं पूरा होता है तो हमें याद कीजिएगा।

## खेला में शामिल एक-एक बीजेपी विधायकों का इलाज करूंगा: सम्राट

### बोले... भ्रष्टाचार का प्रतीक सिर्फ लालू जी का परिवार है

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधानसभा में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने जदयू-बीजेपी के गायब पांच विधायको को कहा कि खेला में शामिल एक-एक व्यक्ति का इलाज करूंगा। उन्होंने लालू परिवार पर जमकर हमला बोला। कहा कि बिहार में कानून का राज स्थापित होगा। जो गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार हुआ है हर विभाग का फाइल खोला जाएगा। वहीं तेजस्वी यादव को मेहनत करने की सलाह दी कहा कि 10 साल में आपने कोई मेहनत नहीं किया आगे कर लेंगे तो आपके लिए बहुत अच्छा हो जाएगा। आप वैसे साथी हैं जो डेढ़ साल की उम्र में अरबपति बन गये। भ्रष्टाचार का प्रतीक सिर्फ लालू जी का परिवार है। लालू 15 साल सत्ता में रहे तो चारा खा गये और रेलमंत्री बने तो रेलवे की नौकरी खा गये। सम्राट चौधरी ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से आप लोग लोकतंत्र को लूटने का काम कर रहे थे। सबको छिपाकर अपने घर में रखे थे एक एक बात की जांच होगी। जमीन, बालू, दारू माफिया का इलाज होगा। तेजस्वी से कहा कि आपके पिता को मुख्यमंत्री बनाने वाला भाजपा है। 39 विधायकों का समर्थन था तब मुख्यमंत्री लालू बने। उस वक्त नीतीश कुमार जी उनके चाणक्य थे। नीतीश जी का साथ नहीं रहता तो लालू सीएम नहीं बने होते।

जेल आप बहुत पहले से जा रहे हैं यह आपका सर्टिफिकेट है। अब लालू मुखिया भी नहीं बन सकते। कांग्रेस ने लालू को मुखिया तक बनने से रोक दिया। लालू के 15 साल में पूरे बिहार में एक लाख लोगों को भी नौकरी नहीं मिली। नीतीश के नेतृत्व में 2020 तक साढ़े सात लाख लोगों को नौकरी मिली। विश्वास मत के समर्थन में पूरी बीजेपी नीतीश कुमार के साथ खड़ी है। बिहार में कानून का राज स्थापित होगा। जो गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार हुआ है एक एक विभाग का फाइल खोला जाएगा।

## बिहार में जंगलराज लाने का काम लालू परिवार ने किया: विजय सिन्हा

**केटी न्यूज/लखनऊ**

सदन की कार्यवाही के दौरान तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश पर जमकर हमला बोला। तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश से कहा कि मुख्यमंत्री जी स्वस्थ्य रहिए। अगर कोई दिक्कत होगी तो हमें याद कीजिएगा, हम साथ हैं। तेजस्वी यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए विजय चौधरी ने जमकर निशाना साधा है। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने तेजस्वी यादव पर परिवारवाद के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने बड़े विभाग अपने पास रखे। पार्टी अध्यक्ष से लेकर सांसद तक सभी पद एक परिवार में रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि, जनादेश एनडीए के साथ है। पहले भी जनादेश एनडीए के साथ था और आज भी है। वो कह रहे हैं कि हम जनता की बात उठाएंगे, वो कितनी बार गए। हमने विपक्ष में रहते हुए लोगों के आंसूं पोछे। तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए विजय सिन्हा ने कहा कि नेचर, सिग्नेचर कभी नहीं बदलता है। इतना पैसा आपके पास कहां से आया। बिहार में जंगलराज लाने का काम इनलोगों ने किया।

## जदयू के एक विधायक की कीमत थी 10 करोड़, सामने आयी खेला की कहानी

- एक-एक विधायक को बिकने के लिए दिया जा रहा था 10 करोड़ का ऑफर
- जदयू के विधायक सुधांशु शेखर ने पटना में दर्ज कराया एफआईआर

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में नयी सरकार बनने के बाद जमकर खेला हुआ। खेला ऐसा हुआ कि विधानसभा में अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग के दौरान बीजेपी के तीन विधायक गायब हो गये। जेडीयू के दो विधायक गायब थे। राजद के तीन विधायकों ने सदन के बीच पाला बदल लिया और विपक्षी बेंच से उठकर सत्तापक्ष के साथ जा बैठे। ये खेला कैसे हुआ, इसकी कहानी सामने आयी है। कहानी ये है कि एक-एक विधायक को बिकने के लिए 10 करोड़ रुपए का ऑफर दिया जा रहा था। ये सारी कहानी जदयू के विधायक सुधांशु शेखर के एफआईआर से सामने आयी है। सुधांशु शेखर ने पटना के कोतवाली थाने में 11 फरवरी को ही प्राथमिकी दर्ज करायी थी। आज वह एफआईआर सामने आया है। इसमें सुधांशु शेखर ये बता रहे हैं कि एक विधायक की कीमत कितनी थी और किन-किन विधायकों को खरीदने की कोशिश हुई।

**तेजस्वी के करीबी ने दिया 10 करोड़ का ऑफर:** विधायक सुधांशु शेखर ने अपने एफआईआर में कहा है मैं सुधांशु शेखर, विधायक, 31 हरलाखी विधान सभा क्षेत्र, मधुबनी हूं। मैं जनता दल यूनाइटेड राजनितिक दल का सदस्य हूं। वर्तमान में दिनांक 12.02.2024 को हमारे दल की सरकार का विश्वासमत प्रस्ताव पेश होना है। मैं अपने पार्टी के नीतियों के साथ मजबूती से खड़ा हूं। उन्होंने एफआईआर दर्ज करायी है उसमें आगे कहा गया है दिनांक 09.02.2024 को रात्रि 08.32 मिनट पर मुझे मेरे मेहमान (बहनोई) रणजीत कुमार का हाजीपुर से मेरे मोबाइल न० 8809041093 पर वाट्सएप पर कॉल आया। उन्होंने मुझसे कहा कि इंजिनियर सुनील आये हैं, आपसे बात करना चाहते हैं। जब मैंने उनसे बात किया तो वे बोले कि आप महागठबंधन के साथ आ जाईये। अभी पांच करोड़ दे देते हैं और पांच करोड़ काम होने के बाद देंगे. नहीं तो मंत्री पद ले लीजिये। मैंने उनसे बाद में सोचकर बताते हैं, कहकर टाल दिया। उसने कहा कि कहियेगा तो हम डेरा पर आ जायेंगे, किदवईपूरी पटना में ही रहते हैं।

**राहुल गांधी के करीबी ने किया फोन:** सुधांशु शेखर ने पुलिस को बताया है दिनांक 10.02.2024 को 10.11 बजे सुबह पूर्व मंत्री नागमणि कुशवाहा के नंबर से वाट्सएप कॉल आया कि अखिलेश जी आपसे बात करना चाहते हैं, जल्द ही संपर्क करेंगे। पुनः एक घंटे के बाद 11.02 मिनट पर +32460220333 नम्बर से इंटरनेट कॉल आया। बात करनेवाले व्यक्ति ने अपना नाम अखिलेश बताया और स्वयं को राहुल गांधी का करीबी बताया और कहा कि आप हमारे साथ आ जाईये एवं इसके बदले में जो भी आपका डिमांड होगा, पूरा होगा। विश्वासमत प्रस्ताव में हमारे गठबंधन का सपोर्ट कीजिये।

**दूसरे विधायकों को भी खरीदने की कोशिश हुई:** विधायक सुधांशु शेखर ने कहा है कि इसी तरह मेरे साथी विधायक कृष्ण मुरारी शरण को भी खरीदने की कोशिश हुई। उन्हें भी राजद प्रवक्ता शक्ति यादव का दिनांक 30/31 जनवरी 2024 को फोन आया जो कह रहे थे कि एक व्यक्ति आपसे सुबह में मिलेगा, बात कर लीजियेगा। दूसरे दिन सुबह हिलसा क्षेत्र का ही रहनेवाला एक व्यक्ति उनसे मिला और कहा कि दिनांक 12.02.2024 को विश्वासमत प्रस्ताव में राजद के पक्ष में वोट करिए आपको मंत्री पद दिया जायेगा या जितना पैसा डिमांड कीजियेगा वह मिलेगा। कहा कि जेडीयू के विधायक बीमा भारती और दिलीप राय को डरा धमका कर अपहरण कर लिया गया है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुकतीर्थ बांगर से ग्राम परिक्रमा यात्रा का किया शुभारंभ

## पिछले वर्ष का 99 प्रतिशत गन्ना मूल्य का हो चुका भुगतान: सीएम

**केटी न्यूज ब्यूरो/मुजफ्फरनगर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को शुकतीर्थ बांगर से ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि पिछले वर्ष का 99 प्रतिशत से ज्यादा गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। प्रदेश में क्रियाशील 119 चीनी मिल में से 105 चीनी मिलें 10 दिन से कम समय में गन्ना किसानों का भुगतान कर रही हैं। बाकी बची मिलों पर दबाव बनाया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार अन्नदाता किसान की मेहनत का पैसा दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकार में प्रदेश में आए दिन दंगे होते थे। मुजफ्फरनगर का दंगा कई महीनों तक चला था, उसे कोई नहीं भूल सकता है। डबल इंजन की सरकार जो कहती है, वो करके दिखाती है। 2017 में हमने आपसे सुरक्षा वादा किया था। आज पूरा प्रदेश सुरक्षित है और समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज मुजफ्फरनगर की पहचान उसके ऑर्गेनिक गुड़ के कारण हो रही है। यहां का गुड़ प्रदेश ही नहीं वरन देश दुनिया में अपनी मिठास घोल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने की बड़ी वजह अन्नदाता किसान हैं। हमारे एजेंडे में किसान सबसे पहले हैं।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, केंद्रीय पशुपालन राज्य मंत्री संजीव कुमार बलियान, उत्तर प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल, फतेहपुर सीकरी के सांसद राजकुमार चाहर सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।



### सरकारी नौकरियों में डाका डालती थीं पहले की सरकारें

सीएम योगी ने कहा कि पहले की सरकारें सरकारी नौकरियों में डाका डालती थी। अपने भाई, भतीजों और परिवार के लोगों को सरकारी नौकरियों में भरते थे। प्रदेश का नौजवान ठगा रह जाता था। आज प्रदेश में लगभग 60000 हजार नागरिक पुलिस आरक्षियों की बिना भेदभाव के भर्ती हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा द्वारा निकाली जा रही ग्राम परिक्रमा यात्रा 9 संकल्पों को लेकर चल रही है। ये संकल्प जल संरक्षण, डिजीटल भुगतान, स्वच्छता अभियान, वोकल फॉर लोकल, घरेलू पर्यटन, जैविक खेती, मिलेट्स, ग्रामीण खेल, स्वास्थ्य और आर्थिक रुप से वंचित किसानों की मदद है। यात्रा के माध्यम से किसानों और ग्रामीणों को सभी 9 संकल्पों के बारे में जागरूक किया जाएगा।




# कमल किशोर हत्याकांड : ब्रजेश मिश्रा सहित चार को आजीवन कारावास, अर्थदंड भी लगा

- ब्रजेश मिश्रा पर 50 हजार जबकि तीन अन्य पर 25 हजार का लगा आर्थिक दंड
- करनामेपुर ओपी के सोनवर्षा गांव में 28 सितंबर 2018 को गोली मार की गयी थी गवाह कमल किशोर की हत्या

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के चर्चित भाजपा नेता विशेश्वर ओझा हत्याकांड के मुख्य गवाह कमल किशोर मिश्रा की हत्या में आरा की अदालत द्वारा ब्रजेश मिश्रा सहित चार आरोपितों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। ब्रजेश मिश्रा के खिलाफ 50 जबकि तीन अन्य आरोपितों के खिलाफ 25-25 हजार का आर्थिक दंड भी लगाया गया है। द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार सिंह के कोर्ट द्वारा सोमवार को लंबी बहस सुनने के बाद सजा सुनाई गई। तीन फरवरी को कोर्ट ने चारों को दोषी पाया था। इधर, सुनवाई के बाद चारों आरोपित कोर्ट में मौजूद थे। उसे लेकर पुलिस की ओर कड़ी सुरक्षा के बीच चारों को कोर्ट लाया गया था। इन आरोपितों में सोनवर्षा गांव निवासी ब्रजेश मिश्रा, उमाशंकर मिश्रा, राज किशोर पाल व मुक्तेश्वर मिश्रा शामिल हैं। एक अन्य आरोपित किशुन मिश्रा के खिलाफ अलग से ट्रायल चल रहा है। सजा को लेकर अभियोजन की ओर से पीपी नागेश्वर दूबे व अधिवक्ता मानिक कुमार सिंह ने जोरदार बहस की। लोक अभियोजक के अनुसार 28 सितंबर 2018 की सुबह करनामेपुर ओपी क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में कमल किशोर मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। हमलावरों की ओर से की गयी अंधाधुंध फायरिंग में खेत से लौट रहे कमल किशोर मिश्रा की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गयी थी। फायरिंग में सोनवर्षा गांव निवासी समर नाथ मिश्रा नामक एक अन्य व्यक्ति को भी गोली लगी थी। उस मामले को लेकर कमल किशोर मिश्रा के पिता श्रीमन नारायण मिश्रा के बयान पर गांव के ही ब्रजेश मिश्रा, किशुन मिश्रा, उमा शंकर मिश्रा, मुक्तेश्वर मिश्रा और राज किशोर पाल के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। अनुसंधान के बाद पुलिस की ओर से सभी आरोपितों के खिलाफ केस सत्य पाते हुए चार्जशीट दाखिल की गयी थी। गवाह कमल किशोर मिश्रा हत्याकांड में बचाव पक्ष के ओर से 11 जबकि अभियोजन की ओर से आठ लोगों की गवाही कराई गई थी। कोर्ट द्वारा ट्रायल के दौरान साक्ष्य और गवाहों के बयान के मद्देनजर चारों आरोपितों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुना दी गई। बता दें कि 12 फरवरी 2016 की देर शाम कारनामेपुर ओपी क्षेत्र के सोनवर्षा बाजार में शादी समारोह में भाग लेने के बाद लौट रहे भाजपा के तत्कालीन प्रदेश उपाध्यक्ष विशेश्वर ओझा की गोलियों से भून दिया गया था। उस मामले में सोनवर्षा गांव निवासी ब्रजेश मिश्रा और हरेश मिश्रा सहित अन्य लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।




## जेवर लूटकांड में साक्ष्य के अभाव में चार अभियुक्त रिहा

**औरंगाबाद।** सिविल कोर्ट के एडीजे तीन ब्रजेश कुमार सिंह ने जम्होर थाना की एक कांड में त्वरित सुनवाई करते हुए मामले में निर्णय पर सुनवाई करते हुऐ वाद निष्पादन कर दिया। काराधीन बंदी अभियुक्त गोह थाना क्षेत्र के देवहरा गांव निवासी रवि सोनी, अरूण कुमार सोनी, कन्हैया कुमार सोनी एवं रोहतास ज़िले के डिहरी थाना क्षेत्र के बारह पत्थर निवासी विक्की कुमार को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया। एपीपी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि प्राथमिकी सूचक रोहतास ज़िले के डिहरी ईदगाह निवासी सूर्य देव प्रसाद वर्मा ने मामले में 17 फरवरी 23 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि अज्ञात लोगों ने उनके छोटे भाई कृष्ण देव वर्मा के सोना की जेवरात लूट के दौरान चलती ट्रेन से अनुग्रह नारायण रोड के समीप टीमल बिगहा के समीप धक्का दे दिया था। जिसमें उसकी मौत हों गई थी। वहीं उसका जेवरात लूट कर फरार हो गए थे। अनुसंधानकर्ता ने घटना स्थल का निरीक्षण कर सूचक और गवाहों के बयान पर कुछ नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। जिन पर संज्ञान 14 जून 23, आरोप गठन 22 जुलाई 23, बहस शुरू 16 जनवरी 24 से हुई। वहीं आज प्राथमिकी के एक साल के अंदर निर्णय सुनाया गया।

## खबरें फटाफट

### दुर्घटना में बाइक सवार हुआ घायल

**जहानाबाद।** घोसी थाना क्षेत्र के गिंजी गांव से दक्षिण मुख्य सड़क मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक वाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के संदर्भ में आसपास के कुछ ग्रामीणों ने बताया कि रास्ते से गुजरने के क्रम में मुख्य सड़क मार्ग के किनारे अचेत अवस्था में गिरे एक युवक पर उनकी नजर पड़ी। जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा इस बात की सूचना तत्काल 112 की पुलिस को दी। मौके पर तत्काल पुलिस पहुंची और कुछ ग्रामीणों के सहयोग से जख्मी युवक को तत्काल उसे पीएचसी घोसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज किया गया। लेकिन, युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल जहानाबाद रेफर कर दिया। जख्मी युवक की पहचान चैतुपीपर गांव निवासी अरुण राम का पुत्र के रूप में हुई। वहीं इस संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि यह र्दुघटना कैसे हुई। इस बात की जानकारी नहीं प्राप्त हो पायी है। लेकिन बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त पाया गया है। जिससे यह संदेह होता है कि बड़े ट्रक या हाइवा की चपेट में आने से यह दुर्घटना घटा। चिकित्सक ने बताया कि युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। उसकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## संदेश थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के समीप हुई घटना

# बालू घाट के मैनेजर को बेकाबू ट्रक ने रौंदा, मौत

- इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में तोड़ा दम
- पिता के लिए दवा लेकर घर लौट रहे मैनेजर को बालू लदे ट्रक ने रौंदा

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाइवे पर संदेश थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव के समीप रविवार की देर शाम सड़क हादसे में बालू घाट के एक मैनेजर की मौत हो गयी। बीमार पिता के लिए दवा लेकर घर लौट रहे मैनेजर को बालू लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद डाला। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी मैनेजर ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत मैनेजर धोबहां ओपी क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी संतोष सिंह के 26 वर्षीय पुत्र भवेश सिंह उर्फ राहुल कुमार सिंह थे। वह संदेश गांव स्थित 17 नंबर बालू घाट पर मैनेजर के रूप में काम करते थे। परिजन धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि भवेश सिंह उर्फ राहुल के पिता की तबीयत खराब थी। रविवार की देर शाम वह दवा लेकर संदेश बालू घाट से बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। उसी दौरान नारायणपुर गांव के समीप बालू लदे एक ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। उससे गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए संदेश रेफर अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत देख सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। तब तत्काल उन्हें आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा मैनेजर भवेश सिंह उर्फ राहुल अपने दो भाई और दो बहन में मांझिल थे। उनके परिवार में मां मनोरमा देवी, बहन गुड़िया, पुतुल और भाई मोहित है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। मां मनोरमा देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं ट्रक चालक वाहन लेकर भागने में सफल रहा।



## ट्रक और बोलेरो की भिड़ंत में सास के श्राद्ध कर्म से लौट रहे युवक की मौत



**केटी न्यूज/आरा**

आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव स्थित हनुमान मंदिर के समीप रविवार की रात ट्रक और बोलेरो की भिड़ंत हो गई। हादसे में बोलेरो सवार एक युवक की मौत हो गई। मृत युवक चरपोखरी थाना क्षेत्र के मदरिहां गांव निवासी अजय कुमार सिंह का 35 वर्षीय पुत्र संजय कुमार था। परिजनों ने बताया कि दस दिन पूर्व उसकी सास की मृत्यु हो गई थी। रविवार को श्राद्ध कर्म था। वह उसमें भाग लेने रविवार की सुबह अपने ससुराल गड़हनी थाना क्षेत्र के सिकरियां गांव गया था। देर रात में वह अपने एक अन्य साथी के साथ बोलेरो से वापस गांव लौट रहा था। उस दौरान वह चालक के बगल वाली सीट पर बैठा था। सेमरांव गांव स्थित हनुमान मंदिर के समीप सामने से आ रहे ट्रक ने साइड से उसकी बोलेरो में ठोकर मार दी। उसमें उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बोलेरो में उसके साथ रहा चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर उसके परिजन पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। हालांकि उसका चालक फरार है। बताया जा रहा है कि युवक तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां कमला देवी,पत्नी बसंती देवी, पुत्र आदित्य और आदर्श है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

## एक नजर

### डांट-फटकार से नाराज दसवीं के छात्र ने पंखे से लटक कर ली खुदकुशी



**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के न्यू बहिरो गांव में सोमवार को परिजनों की डांट-फटकार लगाये जाने से नाराज दसवीं के एक छात्र ने खुदकुशी कर ली। उसने अपने कमरे में पंखे की कुंडी से लटक कर जान दे दी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत छात्र मूल रूप से अजीमाबाद थाना क्षेत्र के बड़गांव निवासी देवरतन राम का 15 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार था। वह परिजनों के साथ नवादा थाना क्षेत्र के न्यू बहिरो में अपने मकान में रहता था। उसके पिता बिहार पुलिस में एएसआई है। बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह किसी बात को लेकर उसके पिता ने उसे डांट-फटकार लगाई थी। उसके बाद गुस्से में आकर उसने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे के कुंडी से लटक गया। कुछ देर के बाद घर के किसी सदस्य ने खिड़की से उसे पंखे के कुंडी से लटका देखा। तब कमरे का दरवाजा तोड़ कर और उसे पंखे की कुंडी से नीचे उतरा गया। उसे इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव लेकर घर चले गए। बताया जाता है कि छात्र अपने दो भाई में छोटा था। मौत के बाद छात्र के घर में रोना-धोना मच गया है।

### हाइवा की टक्कर से महिला की मौत



**औरंगाबाद।** अस्पताल से इलाज करा कर लौट रहे दंपत्ति को एक अनियंत्रित हाइवा ने टक्कर मार दी जिसमें पत्नी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पति गंभीर रूप से जख्मी हों गया। मामला शहर के बाईपास के समीप की हैं। मृतिका की पहचान माली थाना क्षेत्र के कामदारपुर गांव निवासी यसवंत सिंह की पत्नी आरती देवी के रूप में की गई है। वहीं पिंटू सिंह को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। जिससे घंटों यातायात प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार आरती देवी की तबियत खराब थी जिसे इलाज के लिए दंपत्ति शहर आए हुऐ थे और इलाज करा कर दोनों पैदल घर वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में उस जगह यह हादसा हो गई। इस घटना से परिजनों में मातम पसरा हुआ है। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में एक दंपत्ति गंभीर से जख्मी हो गए थे जिसमें महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पति गंभीर रूप जख्मी हों गया। जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया हैं। वहीं शव को पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया।

## जहानाबादः ट्रक और ट्रैक्टर की टक्कर में चालक की मौत

- एघोसी थाना क्षेत्र के धामापुर सड़क मार्ग पर हुई घटना
- मृतक की पहचान शाहपुर पंचायत निवासी नीरज के रूप में हुई

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

जहानाबाद घोसी थाना क्षेत्र के घोसी धामापुर सड़क मार्ग डहरपुर के समीप ट्रक और ट्रैक्टर की टक्कर में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई घोसी थाना क्षेत्र के खिरौटी गांव निवासी नीरज कुमार ट्रैक्टर लेकर धामपुर से अपने घर जा रहा था जैसे ही डहरपुर गांव के समीप पहुंचा की विपरीत दिशा से आ रही ट्रक में जोरदार रूप से टक्कर मार दिया जिसके कारण ट्रैक्टर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई और घटनास्थल पर ही चालक की मौत हो गई घटना रविवार की रात्रि की है जब देर रात तक चालक घर नहीं लौटा तो इसके परिजन खोजबीन करने लगे सुबह जब गांव के लोग सड़क के किनारे गए तो देखे की ट्रैक्टर पलटा हुआ है घटना के बाद ग्रामीणों के सहयोग से चालक को ट्रैक्टर से दबा हुआ था उसे बाहर निकाला गया और घटना की सूची स्थानीय थाने के पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया परिवार जनों के रो-रो कर बुरा हाल है। सब इंस्पेक्टर दद्दन प्रसाद ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है और एक ट्रैक्टर भी सड़क के किनारे पलटा हुआ है पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है जांच के बाद ही घटना के बारे में स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा। वही शाहपुर पंचायत के मुखिया ललित प्रसाद ने बताया कि हम लोगों को सूचना मिली कि मेरे गांव का एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है इसी सूचना के आधार पर हम लोग सड़क किनारे आए तो देखा कि ट्रैक्टर पलटा हुआ है और ट्रैक्टर के इंजन के नीचे नीरज कुमार नामक लड़का दबा हुआ है जिसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराया। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है।



## जिला विधिज्ञ संघ के कार्यसमिति का चुनाव आज, तैयारी पूरी

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में कार्यसमिति का मतदान मगंलवार को होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद सिंह, सहायक निवार्चन पदाधिकारी कामता प्रसाद सिंह, अवध किशोर पांडे, सरोज रंजन सिन्हा, अभय कुमार ने बताया कि मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 817 मतदाताओं के लिए तीन मतदान बूथ जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में बनाई गई है। मतदान सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक चलेगा। अधिवक्ता अपने पैन से वोट पर टिक नहीं लगाएंगे। उपलब्ध कराई गई पैन ही उपयोग करेंगे। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू किया जाएगा। कार्य समिति के कुल 26 पदों पर 58 उम्मीदवार अपना-अपना भाग आजमा रहे हैं जिसमें अध्यक्ष एकल पद पर चार उम्मीदवार, महासचिव एकल पद पर सात उम्मीदवार, कोषाध्यक्ष एकल पद पर पांच उम्मीदवार, अंकेक्षक एकल पद पर दो उम्मीदवार, निगरानी सदस्य एकल पद पर तीन उम्मीदवार, उपाध्यक्ष तीन सदस्यीय पद पर सात उम्मीदवार, वरिष्ठ सदस्य पांच सदस्यीय पद पर सात उम्मीदवार, संयुक्त सचिव तीन सदस्यीय पद पर नौ उम्मीदवार, सहायक सचिव तीन सदस्यीय पद पर पांच उम्मीदवार, कार्यसमिति सदस्य सात सदस्यीय पद पर नौ उम्मीदवार खड़े हैं।

## फ्लोर टेस्ट पास करने पर सांसद ने सीएम व डिप्टी सीएम को दी बधाई

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

बिहार विधान सभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फ्लोर टेस्ट में बहुमत साबित करने पर सांसद सुशील कुमार सिंह ने सरकार को बधाई दी है। सांसद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा समेत एनडीए के सभी विधायकों को बधाई दी है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की ओर तेजी से बढ़ेगा और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर अपार बहुमत से जीत हासिल करेगी। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने भीं सभी एनडीए कार्यकताओं को बधाई दी है। इस अवसर पर भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शुभेंदु शेखर सिंह, रमन सिंह, लोकसभा संयोजक अनिल शर्मा, सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, समाजसेवी अजीत सिंह, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, जिला महामंत्री मुकेश सिंह, सूर्यपत सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष रामेश्वर बैठा, संजीव पाठक, भोला सिंह, मितेन्द्र सिंह, नलिनी रंजन, अंकित सिंह, सोनू सिंह, टनटन सिंह, अखिलेश मेहता, राकेश कुमार देवता, भाजपा नेता मुनीन्द्र राम, प्रवीण गुप्ता, आलोक सिंह, प्रफुल्ल सिंह, सुरेन्द्र गुप्ता, भरत सिंह, उदय सिंह, लोकसभा विस्तारक विकास कुमार उर्फ भोजपुरिया बाबा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय सिंह, अनिता सिंह, जुलेखा खातून, अंजली सिंह, सारिका शेखर, गुड़िया सिंह, सहित अन्य शामिल है।








# अच्छी पहल... डुमरांव नगर परिषद ने मां शारदे की प्रतिमा विसर्जन के लिए खुदवाए कृत्रिम तालाब

♦ शांति समिति की बैठक में लिया गया था निर्णय, भोजपुर राजवाहा के किनारे बनाया गया है कृत्रिम तालाब

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव के चर्चित छठिया पोखरा सहित अन्य प्राचीन व स्थायी तालाबों में अब मां सरस्वती के प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं होगा, बल्कि मूर्तियों के विसर्जन के लिए डुमरांव नगर परिषद ने अस्थायी तालाब खुदवा दिए है। यह अस्थायी तालाब साफाखाना रोड में भोजपुर राजवाहा के किनारे खुदवाया गया है। जहां सरस्वती पूजा संपन्न होने के बाद मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। बता दें कि रविवार को ही डुमरांव थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि सरस्वती पूजा के प्रतिमाओं का विसर्जन इस बार छठिया पोखरा या अन्य तालाबों में नहीं किया जाएगा। बल्कि इसके लिए अस्थायी तालाब बनाए जाएंगे और उसके अगले दिन ही चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता के नेतृत्व में नगर परिषद की टीम ने अस्थायी तालाब का निर्माण करा दिया। जिससे लोगों में नगर परिषद प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है।

बता दें कि मूर्तियों के रंग रोगन में कई तरह के खतरनाक केमिकलयुक्त रंगों का प्रयोग किया जाता है, जो पानी में मिल उसे प्रदूषित करते है। वही इससे पानी में रहने वाली मछलियों तथा अन्य जलीय जीवों को नुकसान पहुंच सकता है। इसके अलावे अब प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां भी बनने लगी है जो आसानी से नहीं गलती है। जिस कारण तालाबों का प्रदूषण स्तर काफी बढ़ जाता है। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षों में पहले गंगा नदी में मूर्तियों के विसर्जन पर रोक लगी। वहीं अब डुमरांव के छठिया पोखरा समेत अन्य तालाबों में मूर्ति विसर्जन पर रोक लगी है।

### शहर के चहुमुंखी विकास का हो रहा प्रयास : सुमित

चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने कहा कि शहर का चहुमुंखी विकास करना हमारा लक्ष्य है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए बोर्ड के गठन के साथ ही काम शुरू कर दिया गया है। सुमित ने बताया कि तालाबों का अस्तित्व बचाने, जल जीवन योजना को धरातल पर उतारने के साथ ही डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र को राज्य का सबसे स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने का प्रयास जारी है। वही लोगों को बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलवाया जा रहा है। शहर के अधिकांश बंदरों को पकड़वा उन्हें सुरक्षित रोहतास के पहाड़ी जंगलों में छोड़ा गया है। सुमित ने पूजा समितियों से अस्थायी तालाब में प्रतिमा विसर्जित करने की अपील की।

### दो महीने की मेहनत से शिल्पकारों ने तैयार की मां सरस्वती की आकर्षक मूर्तियां

**केसठ।** केसठ प्रखंड के मूर्तिकार मां सरस्वती के विभिन्न रूपों को अंतिम रूप देने में जोर-शोर से जुटे हैं। कारीगर और मूर्तिकारों ने बताया कि मूर्ति बनाने के लिए वह पिछले दो महीने दिन-रात एक कर मूर्तियों को तैयार करने में लगे हैं। पुराना बाजार में मां सरस्वती की कुल 100 से अधिक मूर्तियां बनकर तैयार हैं। पुराना बाजार के मूर्तिकार ललन पंडित और अरुण पंडित ने बताया कि 3 फीट से लेकर 9 फीट तक मां सरस्वती की कई आकर्षक मूर्तियां तैयार की गई है। अब तक 60 से अधिक मूर्तियां बिक चुकी हैं। उम्मीद है बाकी भी बिक जाएंगी। वहीं मूर्ति निर्माण में आई कठिनाइयों के बारे में कलाकारों ने अपनी व्यथा साझा की। उन्होंने बताया कि महंगाई की वजह से इस बार निर्माण में 25 प्रतिशत की आधिक लागत आई है। मां सरस्वती के श्रृंगार सामग्री जैसे साड़ी, कपड़ा, मुकुट और आभूणण का खर्च पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत बढ़ गया है। वहीं मिट्टी ढुलाई की लागत भी पहले की तुलना में अधिक बढ़ गयी है। मूर्तिकार अरुण पंडित ने बताया कि सरकार अगर शिल्पकारों को मूर्ति बनाने के लिए जगह मुहैया कराने के साथ आर्थिक सहायता और प्रोत्साहन राशि दे तो शिल्प कला को बढ़ावा मिलेगा।



## एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी, 25 कारतूस बरामद

# हथियारों की सप्लाई करने जा रहे डुमरी के युवक अश्विन को पुलिस ने दबोचा

**केटी न्यूज/बक्सर**



सिमरी पुलिस ने हथियारों के एक बड़े सप्लायर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 7.65 बोर के 25 कारतूस, 40 हजार रूपए नगद, एक बाइक तथा एक मोबाईल फोन बरामद हुआ है। उसकी गिरफ्तारी रविवार की शाम सिमरी थाना क्षेत्र से की गई है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान डुमरी के अरूण कुंवर के पुत्र अश्विन कुंवर उर्फ भोलू कुंवर के रूप में हुई है। सोमवार को एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सिमरी थाना क्षेत्र में एक युवक बाइक से घूम हथियारों की सप्लाई कर रहा है। इस सूचना पर डुमरांव डीएसपी व सिमरी थाने की पुलिस को अलर्ट किया गया तथा वाहन चेकिंग अभियान शुरू करने का निर्देश दिया गया। सिमरी पुलिस ने सूचना मिलने के बाद ही उसे पकड़ने के लिए जाल बिछा दिया तथा वाहन चेकिंग अभियान चलाने लगी। इसी दौरान उक्त युवक आता दिखाई पड़ा, उसने पुलिस टीम को देखते ही सड़क किनारे कुछ सामान फेंक भागना चाहा। लेकिन पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने जब तलाशी ली तो उसके पास से 7.65 बोर के 25 कारतूस, 40 हजार रूपए तथा एक मोबाईल मिला। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया तथा उसकी होंडा कंपनी की लिवो बाइक भी जब्त कर ली। पूछताछ में उसने बताया कि वह हथियार तथा कारतूस की सप्लाई करता है। एसपी ने बताया कि उसकी स्वीकारोक्ति के आधार पर पुलिस टीम आगे की कार्रवाई में जुट गई है। माना जा रहा है इस मामले में पुलिस कुछ अन्य तस्करों को भी अपने निशाने पर ले रखी है, जिन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि उसके पास कारतूस की यह खेप कहां से आई थी तथा वह इसकी कहां डिलेवरी करने वाला था, इस संबंध में कुछ जानकारी नहीं मिल सकी है।

**बड़ा सवाल, किसे देने जा रहा था यह खेपः** इस मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उभरा है कि वह कारतूस की यह खेप किसे देने वाला था। उसका क्या मकसद था। क्या उक्त गोली से किसी बड़ी घटन को अंजाम तो नहीं दिया जाना था। इन सवालों का जबाव पुलिस ने नहीं दिया है। उसके पास से कोई हथियार भी बरामद नहीं हुआ है। जिस कारण कई तरह की चचाएं हवा में तैर रही है।

**क्या कहते हैं एसपीः** गुप्त सूचना के आधार पर हथियारों के एक सौदागर को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 7.65 बोर के 25 कारतूस, 40 हजार रूपए नगद, एक मोबाईल व एक बाइक मिला है। उसे जेल भेजने के साथ ही पुलिस उसके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### मजनू समेत पांच कुख्यात अपराधियों पर पुलिस ने रखा 25 हजार का इनाम

**बक्सर।** बक्सर एसपी मनीष कुमार ने फरार चल रहे जिले के टॉप टेन अपराधियों में पांच पर 25-25 हजार का इनाम रखा है। इन पर हत्या, डकैती, लूट जैसे संगीन मामले दर्ज हैं। इनमें नावानगर थाना क्षेत्र के बिचली भरौली निवासी कुख्यात दिलीप कुमार उर्फ मजनू पिता सिंहासन राय, वासुदेवा ओपी थाना क्षेत्र के आथर गांव निवासी सुमेर सिंह उर्फ मालिक पिता शिवनारायण सिंह, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महदह गांव निवासी सुनील राजभर उर्फ दारा राजभर पिता जोगेश्वर राजभर, ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के पोखरहा गांव निवासी विजय पांडेय पिता शिव प्रसन्न पांडेय तथा कोरानसराय के मठिया डेरा का सीताराम मुसहर पिता विक्रम मुसहर शामिल है। सभी फरार चल रहे हैं। मालिक पर तीन संगीन मामले दर्ज हैं। जिनमें 24 जून 2023 को अपनी शिक्षिका बहन कविता देवी की गोली मार हत्या कर दी थी। जबकि सुनील राजभर पर डकैती, आर्म्स ऐक्ट जैसे सात संगीन मामले दर्ज है। वही विजय पांडेय पर पांच, सतीराम मुसहर पर चार तथा दिलीप कुमार उर्फ मजनू पर दो मामले दर्ज है। जिनमें ये फरार चल रहे हैं।

### रेलवे स्टेशन के पूछताछ काउंटर के समीप खड़ी बाइक चोरी, मामला दर्ज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय शहर में बाइक चोरी रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। चोरों के आतंक व पुलिस-प्रशासन की उदासीनता से वाहन मालिकों में असुरक्षा का भाव उत्पन्न हो रहा है। स्थानीय डुमरांव रेलवे स्टेशन के बाहर पूछताछ काउंटर के समीप खड़ी एक बाइक पर उचक्कों ने हाथ साफ कर दिया। बाइक हीरो स्प्लेंडर, जिसका नंबर बीआर 27 एन 2883 बताया जाता है। इस मामले में पीड़ित महरौरा गांव निवासी सिकंदर राय ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह अपनी बाइक को पूछताछ काउंटर के समीप खड़ी कर प्लेटफॉर्म पर खड़ी अपनी बहन को लाने चला गया। जब वापस आया तो उक्त जगह से बाइक नदारद थी।

### बिजली चोरी में एक पर केस दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के टेक्सटाइल कॉलोनी इलाके में बिजली चोरी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया। इसमें महाराजा कटरा में सुरेंद्र शर्मा के औद्योगिक परिसर में मीटर को बाइपास कर विद्युत ऊर्जा का अवैध रूप से चोरी किया जा रहा था। इनके इस कृत्य से बिजली कंपनी को 1,50,822 रुपये का नुकसान हुआ है। छापेमारी टीम का नेतृत्व विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल डुमरांव के सहायक विद्युत अभियंता राकेश कुमार दुबे ने किया।




## फ्लोर टेस्ट पास होने पर बोले विनोद राय... विकास की राजनीति में विश्वास करते हैं सीएम नीतीश कुमार

**केटी न्यूज/बक्सर**

फ्लोर टेस्ट पास होने के बाद बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बन गई है। इसके पहले सोमवार को पूरे दिन राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता टीवी पर पल पल का न्यूज देखते रहे। वही पटना में बैठे अपने बड़े नेताओं से संपर्क कर भी स्थिति की जानकारी ले रहे है। जैसे ही विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हुआ वैसे ही एनडीए समर्थकों के चेहरे खिल उठे, वही महागठबंधन वालों के चेहरे पर मायूसी छा गई थी। एनडीए सरकार के फ्लोर टेस्ट पास करते हुए एनडीए समर्थकों ने एक दूसरे को बधाई देनी शुरू कर दी, जबकि दूसरी तरफ महागठबंधन से जुड़े लोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कोसते नजर आ रहे थे। इस संबंध में केशव टाइम्स ने राजनैतिक दलों की प्रतिक्रिया ली। पेश है रिपोर्ट

**विनोद राय-** जदयू के प्रदेश महासचिव ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार विकास की राजनीति में विश्वास करते हैं। महागठबंधन के साथ वे स्वतंत्रता पूर्वक काम नहीं कर पा रहे थे। एक बार फिर से बिहार में विकास की गति तेज होगी।

**गोपाल प्रसाद गुप्ता -** जदयू के नगर अध्यक्ष ने कहा कि राजद, कांग्रेस तथा अन्य सहयोगी दलों ने गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सभी वर्गों व धर्मों को साथ लेकर चलने वाले हैं।

**विन्ध्याचल राय -** भाजपा अधिवक्ता मंच के प्रदेश संयोजक ने कहा कि महागठबंधन की सरकार में एक बार फिर से मॉफियाराज व जंगलराज कायम हो गया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ भाजपा का बहुत पुराना संबंध रहा है। बिहार में माफिया राज नहीं चलेगा, बल्कि न्याय के साथ विकास होगा।

**ओमप्रकाश भुवन -** भाजपा पंचायती राज मंच के प्रदेश संयोजक ने कहा कि पिछला विधानसभा चुनाव जदयू व भाजपा ने मिलकर लड़ा था। यही स्वभाविक गठबंधन है। उन्होंने कहा कि बिहार में पिछले 17 महीनों में जंगलराज की यादें ताजा हो गई थीं।

**रामजी सिंह यादव -** राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पाला बदलने की रफ्तार से गिरगिट भी शरमा गया है। उन्हें बिहार की जनता माफ नहीं करेगी।

**मनोज ठाकुर -** राजद के प्रखंड अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने कहा कि नीतीश कुमार ने केन्द्र से नरेन्द्र मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया था, लेकिन एक बार फिर से पाला बदल लिए। मुख्यमंत्रीजी जनता की नजरों में गिर चुके हैं।

**संजय शर्मा -** माले नेता ने कहा कि नीतीश कुमार फांसीवादी ताकतों के आगे झुक गए हैं।

## खाद्यान्न कालाबाजारी करने वाले दो आरोपियों को दो साल की सजा

♦ कोर्ट ने दोनों दोषियों पर लगाया 5 हजार का अर्थदंड
♦ सिकरौल थाना क्षेत्र के सतुहड़ी गांव का है मामला

**केटी न्यूज/बक्सर**



गरीबों के अनाज की कालाबाजारी करने वाले दो अभियुक्तों को अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश सिंह देउ की कोर्ट ने दो-दो वर्ष की सजा तथा पांच हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है। मामला 2 जुलाई 2022 को सिकरौल थाना क्षेत्र के सतुहड़ी गांव के पास की है, जहां पीडीएस के खाद्यान्न की कालाबाजारी करते विक्रम इंग्लिश डेरा के राजेश चौधरी व सतुहड़ी के रामसागर पंडित को रात दस बजे खाद्यान्न कालाबाजारी की सूचना पर सिकरौल पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ा था। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए विशेष लोक अभियोजक अरविन्द कुमार चौबे ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ सिकरौल मुखिया द्वारा दिए गए सूचना के आधार पर सतुहड़ी गांव में रात्रि दस बजे पकड़ा गया था। सतुहड़ी गांव के मध्य विद्यालय के पास पुलिस ने ट्रैक्टर पर लदे सरकारी राशन को जब्त किया था, तभी अभियुक्त पुलिस गाड़ी देखकर भागने लगे थे, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस द्वारा उक्त गाड़ी एवं उस पर लदे राशन को सिकरौल थाना पर ले जाया गया। इसके बाद अभियुक्त को विरुद्ध सिकरौल थाना में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जया कुमारी के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसमे 15 गवाहों की गवाही के बाद सोमवार को अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश सिंह देऊ द्वारा सजा सुनाया गया।




## आज एमवी कॉलेज में प्रभु श्रीराम व बक्सर के इतिहास विषय पर आयोजित होगा सेमिनार

# युवाओं के बल पर ही बक्सर बनेगा स्वच्छ व सुंदरः प्रो. अखिलेश दुबे

**केटी न्यूज/बक्सर**



दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सह भाजपा नेता अखिलेश दुबे बक्सर के कायाकल्प अभियान के दौरान सोमवार को अहिरौली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गंगा सफाई अभियान से जुड़े युवाओं से मुलाकात की तथा उनके प्रयासों की जमकर सराहना की। वही उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि पूरे जिले में स्वच्छता अभियान चलाया जाना चाहिए। यह युवाओं की बदौलत ही संभव है। उन्होंने कहा कि बक्सर को स्वच्छ, सुंदर व विकसित बक्सर बनाना उनका लक्ष्य है। इस लक्ष्य को युवाओं के बल पर ही हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वे युवाओं को रोजगार दिलाने के अपने संकल्प पर कायम है तथा बहुत जल्द इसके लिए प्रयास शुरू हो जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि बक्सर शहर में पर्यावरण संरक्षण के लिए हजारों पौधें भी लगाए जाएंगे ताकी हमारा शहर सुंदर व स्वच्छ बन सकें। इस दौरान उन्होंने युवा शक्ति को संबोधित किया और उनकी प्रतिभा, उत्साह और कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बक्सर संसदीय क्षेत्र में शहरों, बाजारों गांवों के सौंदर्यीकरण के लिए हजारों पौध सहित गमले लगाए जायेंगे। वही उन्होंने बताया कि मंगलवार को महर्षि विश्वामित्र कॉलेज में प्रभु श्रीराम व बक्सर के इतिहास विषय पर एक सेमिनार का आयोजन करवा रहे है। यह आयोजन प्रो एसके मिश्रा फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित होगा। जिसमें बतौर मुख्य वक्ता व मुख्य अतिथि अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के संगठन सचिव डॉ. बालमुकुंद पांडेय होंगे। जबकि इसकी अध्यक्षता वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के वीसी प्रो शैलेन्द्र कुमार चतुवेर्दी करेंगे। जबकि आगत अतिथियों का स्वागत एमवी कॉलेज के प्राचार्य डा. सुभाष चंद्रशेखर व बीज वक्तव्य प्रोफेसर अखिलेश दूबे करेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उदेश्य छात्रों को भारत बोध तथा बक्सर के इतिहास से परिचय कराना है। उन्होंने कहा कि इतिहास में बक्सर के संबंध में बहुत कम जानकारी दी गई है। लेकिन इस सेमिनार में शामिल छात्रों को बक्सर के पूरे इतिहास पर प्रकाश डाला जाएगा। बता दें कि प्रो. दुबे दिल्ली विश्वविद्यालय में इतिहास विषय के प्राध्यापक भी है।



# छात्र का बस में छूटा डॉक्यूमेंट... पहले मांगी मदद, फिर उतार दिए सारे कपड़े

- समीक्षा अधिकारी की परीक्षा देने जा रहे छात्र ने खोया आपा
- मजबूरी में मदद न करने वालों के लिए यह निर्लजता जरूरी-सूरज

केटी न्यूज/गाजीपुर

जनपद में समीक्षा अधिकारी सह सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा देने जा रहे एक युवक का जरूरी कागजात बस में छूट गया। पहले लोगों से चिरौरी-विनती की, हाथ जोड़े। लोगों से गिड़गिड़ाते हुए सहयोग मांगा। लेकिन, उपेक्षित समाज से सहयोग न मिलने पर वह थोड़ी ही देर में आपा खो बैठा। इसके बाद शरीर के सारे कपड़े उतार दिए और खुद को ब्लेड से लहूलुहान कर समाज के सामने निर्लज्ज हो चलने लगा। हुआ कुछ यूं था कि सैदपुर बस स्टैंड पर बस के रूकते ही एक परीक्षार्थी टॉयलेट करने उतरा। उसका बैग व सभी डाक्यूमेंट्स बस में ही रह गए थे। नीचे उतरने से पहले उसने इसकी सूचना बस के कंडेक्टर को दी थी। लेकिन, जब वह टायलेट कर वापस लौटा तो बस चल दी थी। इसके बाद बस में रखा उसका प्रवेश पत्र भी उसी में चला गया। इसके बाद वह हुआ जिसकी किसी को उम्मीद



नहीं थी। युवक ने अपने सारे कपड़े उतारकर नंग-धड़ंग हो खुद को ब्लेड से घायल कर दिया। पैदल ही नगर स्थित मेन रोड से अपने घर की ओर चल दिया। बता दें कि परीक्षार्थी सूरज यादव (25) पुत्र कमलेश यादव थाना सैदपुर अंतर्गत गोपालपुर गांव का रहने वाला है, जो की वर्तमान में वाराणसी जनपद के सारनाथ में रहता है। सूरज प्राइवेट बस में सवार होकर वाराणसी से गाजीपुर स्थित डीएवी कॉलेज में समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए जा रहा था। उसके पास उसका एक बैग था। जिसमें प्रवेश पत्र सहित पर्स व जरूरी डॉक्यूमेंट थे। उसकी बस सवारी के लिए सैदपुर के रावल मोड़ के पास रुकी थी। युवक के अनुसार उसे तेज टॉयलेट लगी थी। वह बस में उतरने से पूर्व कंडक्टर को इसकी जानकारी थी। परंतु कंडक्टर ने उसके लिए बस नहीं रोका था। उधर परीक्षा का समय भी निकलता जा रहा था। उसने बताया की कुछ लोगों से मदद मांगी। लेकिन, उसे मदद नहीं मिली। जैसे ही युवक को लगा कि अब वह परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएगा। उसने अपना आपा खो दिया। इसके बाद चिल्लाते हुए अपने सारे कपड़े वहीं निकाल दिए और पैदल चल पड़ा। युवक को नग्न जाता देख रास्ते में लोग उसे समझाते रहे। वह सैदपुर कोतवाली के सामने से भी गुजारा, जहां मौजूद चौकी इंचार्ज रामकुमार दुबे एवं मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे समझाने का प्रयास किया। लेकिन किसी की बात सुने बगैर ही वह आगे बढ़ गया। उसने कहा कि वह अशिक्षित नहीं है, लेकिन लोग हमे पागल कह रहे हैं। मै जेएनयू जैसे विश्वविद्यालय से पढ़ा शिक्षित छात्र हूं। उसने कहा की मुझे कोई शौक नहीं है, बिना कपड़ों के चलना। लेकिन मैं आज के सिस्टम को यह बताना चाहता हूँ। जिस समाज में लोग मजबूरी में भी मदद नहीं करते हैं।

## एक नजर

### जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जनपद का प्रदेश में तीसरा स्थान

**मऊ।** सीएम डैशबोर्ड के जनवरी माह के मासिक रिपोर्ट में जनपद मऊ ने प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। दिसंबर माह की जारी रैंकिंग में जनपद का प्रदेश में 55वां स्थान था, परंतु जिला प्रशासन के सक्रिय प्रयास के कारण जनवरी माह की जारी रैंकिंग में जनपद ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जनसुनवाई (आइजीआरएस) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु विभिन्न स्तरों की कार्यवाहियों हेतु शासन द्वारा कुल 130 अंक निर्धारित है, जिसमें से जनपद ने कुल 124 अंक प्राप्त करते हुए प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। संदर्भो की समय सीमा के अंदर मार्किंग-अग्रसारण हेतु निर्धारित अंक 10 में 10, डिफाल्टर संदर्भों का समय से निस्तारण हेतु निर्धारित अंक 20 में 19, आवेदक द्वारा निस्तारण पर दिए गए फीडबैक हेतु निर्धारित 30 अंक में से 26, स्वयं के स्तर पर निस्तारित संदर्भों हेतु निर्धारित 20 अंक में से 19, मुख्यमंत्री कार्यालय से सी श्रेणी कृत संदर्भों हेतु निर्धारित अंक 10 में 10, जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा शासन द्वारा निर्धारित 30 संदर्भों को अधीनस्थ अधिकारियों को रैंडम श्रेणीकरण में निर्धारित 10 अंकों में से 10, उच्च अधिकारी के रूप में कार्यवाही हेतु निर्धारित 10 में से 10 अंक, डीएम कार्यालय में संदर्भों की फीडिंग हेतु निर्धारित 10 में से 10 अंक,भौतिक संदर्भों की कार्रवाई हेतु निर्धारित पांच में से पांच अंक तथा स्वयं एवं अधीनस्थ कार्यायलयों के यूजर्स का प्रोफाइल अपडेशन-संशोधन हेतु निर्धारित पांच में से पांच प्राप्त हुए।

### मानसिक रोग चिकित्सा शिविर में 52 मरीजों की जांच

**गाजीपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवकली परिसर में सोमवार को मानसिक रोग चिकित्सो शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन भाजपा के मंडल अध्यक्षे प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। अपराह्न एक बजे तक 52 मरीजों की जांच व दवा वितरित किया गया। प्राथमिक स्वास्थय केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. एसके सरोज व डा. रविशंकर यादव द्वारा अपराह्न एक बजे तक 52 मरीजों की जांच व दवा निः शुल्क दिया गया। मानसिक रोगों के लक्षण एवं पहचान के बारे में विस्तृते जानकारी दी गई तथा ब्लाक के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर लगने वाले कैंपों के बारे में भी जानकारी दी गई। ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप सिंह ने बताया की शासन व मुख्य चिकित्साधिकारी के निदेर्शानुसार इस कैंप का आयोजन किया गया है। इसका प्रचार-प्रसार पूरे ब्लाक में प्रचार वाहन से किया गया। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों का इलाज किया जा सके। इस मौके पर एचईओ सुभाष सिंह यादव, एआरओ उदय भान सिंह, बीसीपी एम हैदर, चिकित्साधिकारी डा. विशाल यादव, फेंकू सिंह यादव, अंकिता पांडेय, ओम प्रकाश कुशवाहा, अखिलेश कुशवाहा, गुरुप्रसाद गुप्ता, राजेश गुप्ता, रामलोचन राम आदि लोग प्रमुख रुप से मौजूद थे।

### डॉ. संगीता बलवंत व साधना सिंह को राज्यसभा का मिला टिकट





**चंदौली।** जिला निर्माण के समय जुझारू तेवर दिखाने वाली पूर्व विधायक साधना सिंह को उनके संघर्षों का इनाम भाजपा ने उन्हें राज्यसभा का प्रत्याशी बनाकर दिया है। उनके अलावा 6 लोग भी राज्यसभा जाने को तैयार हैं। चंदौली जिले से पिछले कुछ वर्षों में भाजपा की दूसरी महिला राज्यसभा में पहुंचेंगी। गौरतलब है कि इसके पूर्व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष दर्शना सिंह राज्यसभा में पहुंच चुकी हैं।राज्यसभा के लिए बीजेपी की तरफ से कुल सात उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। जिनमें मुगलसराय की पूर्व विधायक साधना सिंह के अलावा अमरपाल मौर्य, डॉ संगीता बलवंत, नवीन जैन, चौधरी तेजवीर सिंह, डॉ सुधांशु त्रिवेदी व आर पी एन सिंह के नाम शामिल हैं। वैसे ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता सा लग गया है। भाजपा ने 11 फरवरी रविवार को आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए उत्तर प्रदेश बिहार समेत कई राज्यों में अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है। भाजपा ने सात राज्यों के लिए 14 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। गाजीपुर जिले से पूर्व सहकारिता मंत्री डॉ संगीता बलवंत का भी नाम शामिल है। डॉ संगीता के इस चयन से जिले के भाजपा नेताओं और कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। नगर के मिश्राबाजार में भाजपा नगर उपाध्यक्ष अभिनव सिंह छोटू और वरिष्ठ नेता विशाल चौरसिया के नेतृत्व में समर्थकों ने खूब आतिशबाजी की। उनके बाद एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

## खबरें फटाफट

### रोजगार मेले में 143 अभ्यर्थियों को मिला नौकरी का आफर

**चंदौली।** ग्रामीण कौशल योजना के अन्तर्गत विकास खंड स्तरीय रोजगार मेला के द्वितीय चरण में सोमवार को विकास खण्ड सकलडीहा के राजकीय आईटीआई परिसर रेवसा में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेला में कौशल विकास मिशन/दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आईटीआई एवं सेवा योजन पोर्टल पर पंजीकृत 200 से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान 143 अभ्यर्थियों को जाब आफर मिला। रोजगार मेला का उद्घाटन प्रधानाचार्य अजय कुमार एवं भाजपा कार्यालय प्रभारी ओबीसी मोर्चा सुरेश गुप्ता द्वारा किया गया। इन्होंने रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जनपद में विकास खण्ड स्तर पर आयोजित होने वाला यह रोजगार मेला शासन की रोजगार से जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है ।जिससे अधिक से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। इस रोजगार मेला में मुख्य रूप से क्वेसकार्प टाटा मोटर्स (सानंद), डिक्सन, नवभारत फर्टिलाइजर, एसबीआई लाइफ इन्श्योरेंस, वोन इण्डिया सहित 12 कम्पनियों द्वारा कुल 143 अभ्यर्थियों को जॉब आफर प्रदान किया गया। इस मौके पर आनंद कुमार श्रीवास्तव कार्यदेशक राजकीय आईटीआई, अमित कुमार श्रीवास्तव,शशिकान्त सिंह आकांक्षा सिंह, जयानन्द यादव, रवि प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मजुई चौराहे से टांडा गांव तक रहेगा आवागमन बाधित

**गाजीपुर।** जिला मुख्यालय से शादियाबाद- बहरियाबाद मार्ग (अन्य जिला मार्ग) पर मजुई चौराहे से टांडा गांव तक आवागमन बाधित रहेगा। वर्षों से क्षतिग्रस्त गाजीपुर- शादियाबाद-बहरियाबाद मार्ग पर किमी-37 में बेसो नदी पर स्थित टांडा में सेतु व पहुंच मार्ग के मरम्मत के लिए दस फरवरी 2024 से अग्रिम आदेशों तक गाजीपुर- शादियाबाद - बहरियाबाद मार्ग पर मजुई चौराहे से टांडा गांव के मध्य किसी भी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सेतु मरम्मत कार्य के लिए रुट डायवर्जन किया गया है, जो इस प्रकार है। मजुई चौराहे से हरिवंश चौराहे होते हुये सैदपुर-चिरैयाकोट मार्ग के प्यारेपुर चट्टी पर निकलेगा। टांडा गांव से मझौली होते हुए सैदपुर -मजुई -सादात मार्ग पर निकलेगा। इसके लिए अपर जिलाधिकारी गाजीपुर ने उपजिलाधीकारी जखनियां, क्षेत्राधिकारी सैदपुर एवं थानाध्यक्ष-सादात को आवागमन हेतु रुट डायवर्जन का पालन कराने एवं मौके पर शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया है ताकि लोगों को आवागमन में कोई असुविधा न हो। बेसो नदी पर स्थित यह सेतु बहुत दिनों से क्षतिग्रस्त है। इसका मरम्मत हो जाने से मार्ग पर आवागमन सुचारु रुप से हो सकेगा। मार्ग के अवरुद्ध रहने से आमलोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि इसका निर्माण हो जाता है। तो आम जनता को इससे काफी सहूलियत मिलेगी।

## जमानियां क्षेत्र के नई बजार-देवैथा संपर्क मार्ग पर गायघाट पुलिया पर हुई घटना

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत



- सड़क दुर्घटना में अचेत दो लोगों को ग्रामीणों ने अस्पताल में कराया भर्ती

केटी न्यूज/गाजीपुर

जनपद के जमानियां क्षेत्र के नई बाजार-देवैथा संपर्क मार्ग पर गायघाट पुलिया से पहले देर रात सड़क हादसे में दो लोग मौत हो गई। हादसे के कारण का पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में घायलों को नजदीक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अभईपुर ग्राम निवासी संजय सिंह (50) व बृजकिशोर तिवारी भुटेली (55) बाइक से स्टेशन बाजार से अपने गांव जा रहे थे। तभी अचानक नईबजार-देवैथा मार्ग पर सड़क हादसे के शिकार हो गए। दोनों लोग गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। राहगीरों ने दोनों लोगों को घायलावस्था में सड़क पर तड़पते देख ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचित कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मृतक संजय सिंह के एक पुत्र व एक पुत्री तथा मृतक बृजकिशोर तिवारी का एक पुत्र अपने पीछे छोड़ गए हैं। मौत की सूचना मिलते ही पत्नी व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया तथा ग्रामीण भी इस दुःखद घटना से मर्माहत है। वहीं आसपड़ोस को लोग दिलासा दिलाने का प्रयास कर रहे है।

### चालक को आई नींद, बेकाबू पिकअप गड्ढे में पलटी, मौत

**चंदौली।** धानापुर क्षेत्र के सकरारी गांव के सामने धानापुर जमानिया मार्ग पर रविवार की रात चालक को झपकी आने के कारण पिकअप बेकाबू होकर सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई। इस घटना में पिकअप में दबकर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सुबह पांच बजे राहगीरों ने पिकअप पलटने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पहचान राकेश कुमार सिंह के रूप में हुई। वह भैंस बेच कर वापस आ रहा था। पुलिस के अनुसार गाजीपुर जनपद के जमानियां थाना के नरियावं निवासी राकेश कुमार (36) पुत्र शिव वचन सिंह भैंस बेचने और खरीदने का काम करता था। वह रविवार को भैंस खरीद कर वाराणसी बेचने गया था। भैंस बेचने के बाद वह पिकअप लेकर वापस आ रहा था। रात 12 बजे के बाद वह सकरारी गांव के समीप पहुंचा था कि उसे झपकी आने लगी। इससे पिकअप बेकाबू हो गई और सकरारी तिराहा के पास सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गया। पिकअप में दबने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सुबह पांच बजे टहलने निकले गामीणों ने पिकअप पलटने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि उसकी जेब से मिले आधार कार्ड से मृत चालक की शिनाख्त हुई। मोबाइल फोन से उसके परिजनों से संपर्क किया गया। उसकी पत्नी बताया कि लगभग एक बजे रात में बात हुई थी। उस समय राकेश धानापुर में थे और नींद आने की बात कह रहे थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### धर्मेंद्र सिंह हुए गूगल प्रमाण-पत्र से सम्मानित

**गाजीपुर।** पूर्वांचल इंस्टिट्यूट ऑफ आईटी (कंप्यूटर विभाग) में स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज के विभागाध्यक्ष के रूप में काम करने शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह को गूगल के द्वारा एडुकेटर सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। गाजीपुर जैसे छोटे जिले मे इस तरह का सम्मान पाने वाले प्रथम शिक्षक है जिससे उनकी कार्य क्षमता एवं तकनीकी योग्यता का पता चलता है ' गूगल जो विश्व की सबसे बड़ी आईटी कम्पनी है जो अपनी परीक्षाएं पूरे दुनिया मे आयोजित करता जिसको पास करने के लिए न्यूनतम 80 प्रतिशत अंक का होना अनिवार्य है। इस परीक्षा को पास करके सिंह ने इस जिले का मान एवं सम्मान बढ़ाया है। कंप्यूटर विभाग द्वारा सम्मान समारोह मे प्राचार्य स्वामी सहजानंद विजय राय ने उक्त शिक्षक की प्रशंसा करते हुए कहा की यह हमारे कॉलेज के लिए गौरव का विषय है की धर्मेंद्र सिंह जैसे लोग कंप्यूटर की शिक्षा हमारे कॉलेज मे दे रहें है। कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी देश के अन्य संस्थानओं की तरह की शिक्षा प्राप्त कर पा रहे है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. अजय राय, डॉ. संजय राय, डॉ. विलोक सिंह, सत्येंद्र राय, समीर राय एवं अन्य गणमान्य सम्मानित लोग उपस्थित रहें।

### भाजपा कार्यालय पर शक्ति वंदन कार्यक्रम का हुआ आगाज



केटी न्यूज/ बलिया

भाजपा कार्यालय में शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपाईयों ने इस दौरान 10 सालों में मजबूत हुई महिलाओं की स्थिति और उनके बढ़े सम्मान के बारे में बताया। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का जिलाध्यक्ष संजय यादव, मंत्री दयाशंकर सिंह, सांसद विरेन्द्र सिंह मस्त,राज्य सभा सदस्य नीरज शेखर द्वारा सामूहिक रूप से शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में कई एनजीओ, स्वयं सहायता समूह से जूडी महिलाएं, पर्यावरणविद, स्वास्थ्य, शिक्षा पर काम करने वाली महिलाओं के साथ लाभार्थी व मातृ शक्ति ने भाग लिया। इस अवसर पर संजय यादव ने कहा कि भारत की महिला पूरे देश को दिशा दे रही है। देश में प्रथम व्यक्ति के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समस्त महिला शक्ति का गौरव बढ़ा रही हैं। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि देश की महिलाएं पुरुषों से कदमताल करते हुए जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी ताल ठोक रही हैं। कहा कि रक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, खेल और विज्ञान आदि क्षेत्रों में महिला शक्ति अपने नेतृत्व का लोहा मनवा रही हैं।

### शांतिपूर्ण व कड़ाई से होगी परीक्षाएं, छोटी गलती भी होगी अक्षम्य : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार

केटी न्यूज/ बलिया

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा संचालित पुलिस भर्ती की परीक्षा कुशलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। उन्होंने सभी जोनल, स्टेटिक, अतिरिक्त स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सहायक केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा की जो नियम-शर्तें हैं। उनके अनुरूप ही परीक्षा कराएंगे। सचेत किया कि किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि परीक्षा से संबंधित सभी संबंधित अधिकारियों के कार्यों के बारे में बोर्ड द्वारा बुकलेट में सभी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं सभी लोग इसे अवश्य पढ़ लें। किसी भी दशा में कोई भी छोटी गलती स्वीकार नहीं



होगी कि हमें पता नहीं था। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने परीक्षा प्रारंभ होने से लेकर और समाप्ति तक के सभी बिंदुओं के बारे में स्लाइड और बुकलेट के माध्यम से बैठक में शामिल सभी को अवगत कराया। बताया कि फोटो तो आया जनपद में 43 परीक्षा केंद्र बनाए गए है, जो 17 थानों में विभाजित है। कहा कि सहायक नोडल अधिकारी पुलिस और प्रशासन दोनों के रहेंगे। जोनल, स्टेटिक, सेक्टर, केंद्र व्यवस्थापक एवं सहायक केंद्र व्यवस्थापक सहित परीक्षा सहायक और सहयोगी इनविजीलेटर भी नियुक्त किया गया है। प्रत्येक 24 उम्मीदवारों पर एक जैमर लगाया जाएगा। हर स्तर तैयार रहने की जरूरत है। ताकि निष्पक्षता के साथ कार्य संपन्न हो।

## पीजी तक लड़कियों को मिले शिक्षा की मुफ्त गारंटी

# आजादी के 76 वर्ष बाद भी देश की महिलाओं को नहीं मिला न्याय

केटी न्यूज/चंदौली

अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन के राष्ट्रीय आह्वान पर सोमवार को मुख्यालय स्थित बिछिया धरना स्थल से धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार के विरोध में जमकर भड़ास निकाला। अंत में जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च कर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं को कर्ज के फंदे से मुक्त किए जाने के साथ पीजी तक लड़कियों की शिक्षा मुफ्त की गारंटी किए जाने चाहिए। स्कूली शिक्षा में समान स्कूल प्रणाली लागू किए जाने के साथ दहेज उत्पीड़न पर रोक लगाए और




अंधविश्वास-रूढ़िवाद को बढ़ावा देना बंद किए जाने चाहिए। उतराखंड सरकार ने पारित यूनिफॉर्म सिविल कोड को रद्द किए जाने, महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़क भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार किए जाने,प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव प्रचारक और बनारस भाजपा आईटी सेल के प्रमुख, बलात्कारी कुणाल पांडेय को कड़ी सजा दिए जाने, ममता, रसोईया, आशा, आंगनबाड़ी समेत सभी स्कीम वर्कर्स को न्यूनतम 18000 मानदेय दिए जाने चाहिए। ताकि महिलाओं का विकास हो सके। एपवा राज्य काउंसिल सदस्य तथा जिला अध्यक्ष मुन्नी गोंड ने कहा कि यह बड़े अफसोस की बात है कि आजादी के 76 वर्ष बाद भी इस देश की महिलाओं को न्याय,बराबरी और लोकतांत्रिक जीवन जीने का सामाजिक-राजनैतिक परिवेश नहीं मिल पाया है, जिसकी संविधान गारंटी देता है। आज भी महिलाएँ उस हक और अधिकार से वंचित-वर्जित हैं जो उन्हें इस समाज की निर्माणक इकाई होने के नाते मिलना चाहिए था। एपवा जिला काउंसिल सदस्य पार्वती बनवासी ने कहा कि जाति,धर्म, वर्ग,वर्ण और लैंगिक आधार पर भेदभावपूर्ण इस विषमता पीड़ित तंत्र में महिलाएं अपनी असली ज़िंदगी में दोयम दर्जे की नागरिक हैं। जिसके चलते महिलाओं की स्थिति बद से बदत्तर होती जा रही है। महिलाओं को उत्पीड़न को शिक्षा से ही खत्म किया जा सकता है। क्योंकि जब वह अपने अधिकारी व कानून को समझेगी तभी वह उसका विरोध कर सकती है। इसके लिए सरकार कानून बनाना होगा। इस दौरान श्याम देवी राय, सरिता देवी, मंशा कुमारी, चंद्रावती देवी, उमरावती देवी, मंजू देवी, तीजिया देवी,पुष्पा देवी, प्रेमलता देवी, किरन देवी, आशा देवी सहित अन्य उपस्थित रहीं।





